Total number of printed pages–4

3 (Sem–4/CBCS) HIN HC 1

2025

# HINDI

( Honours Core )

Paper : HIN–HC–4016

***( Bhasabijnan, Hindi Bhasa Ebam Devnagari Lipi )***

*( भाषाविज्ञान, हिन्दी भाषा एवं देवनागरी लिपि )*

*Full Marks : 80*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भाषा किन ध्वनि-प्रतीकों की व्यवस्था है?

(ख) 'यो-हे-हो सिद्धांत' के जन्मदाता कौन थे?

(ग) स्वर वर्णमाला का कौन-सा स्वर विवृत स्वर कहलाता है?

(घ) अक्षर किसे कहते हैं?

(ङ) स्थान के आधार पर 'ट्' किस प्रकार की ध्वनि है?

(च) देवनागरी लिपि की *कोई एक* विशेषता बताइए।

(छ) वाक्य के अंगों के नाम लिखिए।

(ज) ब्रजभाषा का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है?

(झ) खड़ीबोली का दूसरा नाम क्या है?

(ञ) आधुनिक नागरी लिपि का विकास कब माना गया है?

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भाषा और बोली में निहित *कोई दो* अंतर लिखिए।

(ख) 'शब्द' और 'पद' का अंतर उदाहरण-सहित स्पष्ट कीजिए।

(ग) हिन्दी वाक्य-रचना के संदर्भ में ध्यान देने योग्य *दो* महत्वपूर्ण बातों का उल्लेख कीजिए।

(घ) ध्वनि-परिवर्तन के *किन्हीं दो* कारणों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) हिन्दी के स्वर और व्यंजन में निहित *कोई दो* अंतर दशाईए।



3. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) वर्णनात्मक और तुलनात्मक भाषाविज्ञान का अंतर स्पष्ट कीजिए।

(ख) व्याकरण के साथ भाषाविज्ञान का संबंध निरूपित कीजिए।

(ग) हिन्दी की अवधी बोली की भाषिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(घ) अर्थ-संकोच के आशय को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ङ) देवनागरी लिपि के नामकरण पर विचार कीजिए।

(च) स्वर ध्वनियों के वर्गीकरण के *किन्हीं तीन* आधारों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) 'भाषा' शब्द की व्युत्पत्ति का खुलासा करते हुए भाषा की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

भाषा-परिवर्तन के प्रमुख कारणों का विवेचन कीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library * Nagaon : Assam * Acc. No. Date

(ख) व्यंजन ध्वनि किसे कहते हैं? उच्चारण-स्थान और प्रयत्न के आधार पर व्यंजन ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

*अथवा*

वाक्य किसे कहते हैं? अर्थ और संरचना के आधारों पर वाक्य के विविध प्रकारों को सोदाहरण रेखांकित कीजिए।

(ग) उपसर्ग की परिभाषा देते हुए हिन्दी के उपसर्गों का सोदाहरण सामान्य परिचय दीजिए।

Anandaram Dhekial Phookan College Library
Acc. No.
Date
Nagaon, Assam

*अथवा*

हिन्दी भाषा के उद्भव और विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(घ) देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालिए।

*अथवा*

अर्थ-परिवर्तन की विभिन्न दिशाओं पर सोदाहरण विचार प्रस्तुत कीजिए।

---